**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 14.01.2019**

## PUNJAB KESARI COM



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार। (छाया:पंजाब केसरी)

# युवा सम्मेलन का आयोजन

**फरीदाबाद** ,(ब्यूरो): जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, वाद.विवाद तथा लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ एन सी वाधवा मुख्य वक्ता रहे तथा कुलपति प्रो◌ॅ्र दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। डॉ वाधवा ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से संबंधित अपना ज्ञान साझा किया तथा विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने चरित्र निर्माण पर बल दियाए जोकि स्वामी विवेकानंद की जीवन शिक्षा का मूल है।

उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। हरियाणा रोजगार विभाग में उपनिदेशक डॉ जे एल द्विवेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक युवा मामले डॉ प्रदीप डिमरी तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सोनिया बंसल द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# छात्रों को राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रेरित किया

## वाईएमसीए में दो दिवसीय युवा सम्मेलन हुआ

**भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद**

जेसी बोस यूनिवर्सिटी वाईएमसीए ने स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी के विवेकानंद मंच ने प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, वाद-विवाद व लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मानव रचना शिक्षण संस्थान के कुलपति डॉ. एनसी वधवा मुख्य वक्ता रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। डा. वधवा ने स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से संबंधित अपना ज्ञान सांझा किया। विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चरित्र निर्माण पर बल दिया, जो स्वामी विवेकानंद की जीवन शिक्षा का मूल मंत्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। हरियाणा रोजगार विभाग में उपनिदेशक डॉ. जेएल द्विवेदी ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी व डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2019**

## NAVBHARAT

### जेसी बोस विश्वविद्यालय में युवा सम्मेलन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती पर दो दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, वाद-विवाद और लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मानव रचना शिक्षा संस्थान के कुलपति डॉ. एनसी वाधवा मुख्य वक्ता रहे, जबकि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वाधवा ने अपने संबोधन के माध्यम से उनकी विचारधारा को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा रोजगार विभाग में उपनिदेशक डा. जेएल द्विवेदी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी और डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. सोनिया बंसल ने किया। ब्यूरो

## HINDUSTAN

### युवा दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विवेकानंद मंच की ओर से प्रश्नोत्तरी, पोस्टर बनाने, वाद-विवाद का प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। उधर, खेल विभाग की ओर से डबुआ कॉलोनी स्थित एक वृद्धाश्रम में लघु नाटक प्रस्तुत किया गया।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2019**

**HINDUSTAN**

# प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

फरीदाबाद, 13 जनवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, वाद-विवाद तथा लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मानव रचना शिक्षा संस्थान के कुलपति डॉ. एन.सी. वाधवा मुख्य वक्ता रहे तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। डॉ. वाधवा ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से संबंधित अपना ज्ञान साझा किया तथा विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चरित्र निर्माण पर बल दिया जो कि स्वामी विवेकानंद की जीवन शिक्षा का मूल है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

**विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए किया प्रेरित**

पंजाब केसरी ई-पेपर Mon, 14 January 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c/